रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर
RAILWAY RECRUITMENT BOARD, BILASPUR

भारत सरकार (रेल मंत्रालय)

Govt.of India (Ministry of Railways)

Phone : 07752-417742, Fax : 07752-417742

सत्यमेव जयते

सं.आरआरबी/बीएसपी/रिजल्ट/03-2014/स्टेनो/581 दिनांक : 04.12.2018

केंद्रीय रोज़गार सूचना संख्या 03/2014 के कोटि संख्या 1 कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी) के पद के लिए दस्तावेज़ सत्यापन के लिए कौशल परीक्षा का परिणाम

पद : <u>कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी)</u>

दस्तावेज़ और उम्मीदवारी सत्यापन की तिथि और समय : <u>14.12.2018 (शुक्रवार)</u>

उपस्थिति का समय : <u>10:00 बजे</u>

स्थान : <u>रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495004</u>

दिनांक 11.01.2015 को आयोजित लिखित परीक्षा और दिनांक 25.03.2018 को आयोजित आशुलिपिक कौशल परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर **अनुलग्नक- 'ए'** में सूचीबद्ध रोल नंबर वाले उम्मीदवारों को उम्मीदवारी और दस्तावेज़ सत्यापन (डी.वी.) के लिए रोज़गार अधिसूचना संख्या 03/2014 के कोटि संख्या 1, आशुलिपिक (हिंदी) के पद के लिए अनंतिम रूप से योग्य पाया गया है। सूचीबद्ध रोल नंबर आरोही क्रम में हैं और योग्यता (मेरिट) के अनुसार नहीं हैं। उम्मीदवारी / दस्तावेज़ सत्यापन के लिए तिथि और स्थान भी **अनुलग्नक- 'ए'** में दिया गया है। रिक्ति स्थिति और कट ऑफ अंक **अनुलग्नक 'बी'** में दिए गए हैं।

स्टैंड बाई सूची के लिए आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अधिसूचित रिक्तियों की वास्तविक संख्या से अधिक उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जा रहा है। दस्तावेज़ सत्यापन के सफल समापन के पश्चात् अंतिम पैनल योग्यता (मेरिट) के अनुसार तैयार किया जाएगा।

सूचीबद्ध उम्मीदवारों में ओ.एच. श्रेणी के अंतर्गत आने वाले ऐसे दिव्यांग उम्मीदवारों का रोल नंबर भी शामिल है, जो कौशल परीक्षा में अर्हता प्राप्त नहीं कर पाए, तथापि उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन के लिए अनंतिम रूप से बुलाया जा रहा है। ऐसे उम्मीदवारों का पैनल पूरी तरह से अनंतिम और सभी योग्यता मानदंडों को पूरा करने के अधीन होगा। रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2012/ ई (आरआरबी)/ 25/ 15 दिनांक 25.09.2012 के निर्देशानुसार उनकी नियुक्ति की तारीख से दो साल की अवधि के भीतर उन्हें आशुलिपिक कौशल परीक्षा में अर्हता प्राप्त करनी होगी।

यहाँ सूचीबद्ध उम्मीदवारों को अस्थायी आधार पर बुलाया जा रहा है। अपनी उम्मीदवारी और शिक्षा, आयु, जाति इत्यादि के सभी मूल प्रमाण पत्रों तथा मूल बुलावा पत्र, फोटो एवं हस्ताक्षर, योग्यता स्थिति और रिक्ति की स्थिति के सत्यापन के पश्चात् जब वे उपयुक्त पाए जाएँगे तब वास्तविक उम्मीदवारी का निर्णय किया जाएगा।

कृपया ध्यान दें कि उम्मीदवारी और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उम्मीदवारों को बुलाना निम्नलिखित शर्तों/ निर्देशों के अधीन है : -

1. केवल दस्तावेज़ों के सत्यापन के लिए बुलाया जाना, किसी भी तरह से उन्हें रेलवे में नियुक्ति/ पैनल के लिए पात्रता प्रदान नहीं करता है।

2. उम्मीदवारी/ दस्तावेज़ सत्यापन, इस परिणाम सूचना में उल्लिखित कार्यक्रम और समय के अनुसार रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495004 में आयोजित किया जाएगा।

3. ऐसे उम्मीदवार, जो निर्धारित तिथि पर उम्मीदवारी/ दस्तावेज़ सत्यापन में भाग लेने में विफल रहते हैं, उन्हें **दिनांक 21.12.2018 (शुक्रवार)** को द्वितीय अवसर प्रदान किया जाएगा, परंतु निर्धारित तिथि को उम्मीदवारी/ दस्तावेज़ सत्यापन में भाग लेने में विफल होने का उनके पास वैध कारण तथा सहायक दस्तावेज़ होना चाहिए। उम्मीदवारी/ दस्तावेज़ सत्यापन के द्वितीय अवसर के लिए अलग से बुलावा पत्र जारी नहीं किया जाएगा। अनुपस्थित उम्मीदवारों के लिए उम्मीदवारी/ दस्तावेज़ सत्यापन या प्रमाणपत्रों को जमा करने के लिए कोई और अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा और ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी स्वत: रद्द हो जाएगी।

4. दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उपयुक्त तिथि, समय और स्थान इत्यादि की सूचना देने वाले ई-बुलावा पत्र उम्मीदावरों के ई-मेल में भेजे जा रहे हैं। सभी सूचीबद्ध उम्मीदवारों को एसएमएस और ईमेल के माध्यम से भी निर्दिष्ट तिथि और समय पर उम्मीदवारी और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए रिपोर्ट करने की सूचना दी जा रही है। ई-बुलावा पत्र में उल्लिखित सभी शर्तों का पालन किया जाना चाहिए।

5. उम्मीदवार, लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा के प्रवेश पत्र के उम्मीदवार फॉइल, आवेदन फॉर्म पर चिपकाए गए फोटो के समान तीन पासपोर्ट आकार की फोटो और सभी आवश्यक मूल अंकसूचियाँ और एसएससी, एचएसएससी, मूल डिप्लोमा/ डिग्री के मूल प्रमाणपत्रों के साथ डिग्री/ डिप्लोमा के प्रत्येक वर्ष की अंकसूची, जन्मतिथि का प्रमाणपत्र इत्यादि और उन सभी के विधिवत स्वप्रमाणित दो (02) फोटो प्रतियाँ तथा रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा के मूल बुलावा पत्र का उम्मीदवार फॉइल अवश्य लाएँगे। रोज़गार सूचना के अनुसार, आवेदन जमा करने की समाप्ति तिथि पर उम्मीदवारों के पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए। प्रमाणपत्र/ प्रमाणपत्रों को जमा करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

6. उम्मीदवारों को यह अवश्य सुनिश्चित करना होगा कि उनके मूल प्रमाणपत्रों में उनके नाम, उनके पिता का नाम और अन्य विवरण उनके आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियों से मेल खाते हैं। अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व. के उम्मीदवारों को यह भी अवश्य सुनिश्चित करना होगा कि उनके जाति प्रमाणपत्र में उल्लिखित पता उनके आवेदन पत्रों में उनके द्वारा भरे गए स्थायी पते के साथ मेल खाते हैं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को सीईएन 03/2014 में दिए गए निर्धारित प्रारूप में अपना मूल जाति प्रमाणपत्र लाना होगा, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत जारी किया गया हो तथा जिसमें जारीकर्ता प्राधिकारी के कार्यालय की मुहर हो। अ.पि.व. के उम्मीदवारों को सीईएन 03/2014 में दिए गए निर्धारित प्रारूप में अपना मूल जाति प्रमाणपत्र लाना होगा, जिसमें विधिवत रूप से वित्तीय वर्ष 2014-15, 2015-16 और 2017-18 के लिए गैर-क्रिमिलेयर की स्थिति के लिए धारा शामिल हो, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो तथा जिसमें जारीकर्ता प्राधिकारी के कार्यालय की मुहर हो।

7. अल्पसंख्यक समुदाय – जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा शुल्क में छूट के लिए दावा किया है, उन्हें गैर-न्यायिक (नॉन ज्यूडिशियल) स्टैंप पेपर पर अल्पसंख्यक समुदाय घोषणा करते हुए शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वे केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदाय (अर्थात मुस्लिम/ सिख/ ईसाई/बौद्ध/ पारसी) से संबंधित हैं।

8. भूतपूर्व सैनिकों को मूल विमुक्ति प्रमाणपत्र (डिस्चार्ज सर्टिफिकेट) और पीपीओ प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। उन्हें शैक्षणिक योग्यता की समतुल्यता के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी उपयुक्त प्रमाणपत्र (ओं) को भी प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

9. शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में केंद्र या राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित मेडिकल बोर्ड जैसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए विकलांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

10. रेलवे या केंद्र/ राज्य सरकार के किसी विभाग/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पहले से ही सेवारत उम्मीदवारों को आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। इसमें विफल होने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

11. उम्मीदवार को केंद्र/ राज्य सरकार या निजी संस्थानों द्वारा जारी किए गए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पहचान पत्र अनिवार्य रूप से अपने साथ लाना चाहिए।

12. कोई अनंतिम (प्रोविजनल) या अपर्याप्त/ दोषयुक्त प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा और न ही मूल प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत करने के लिए कोई अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

13. उपर्युक्त दस्तावेज़ों की मूल प्रति प्रस्तुत करने में विफल होने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी बिना किसी अतिरिक्त सूचना के पूर्णतया ख़ारिज़ कर दी जाएगी और इस संबंध में कोई अपील भी स्वीकार नहीं की जाएगी।

14. सीईएन 03/2014 के अनुसार सत्यापन प्रक्रिया के दौरान प्रतिरूपण/ हेरफेर/ छेड़छाड़ इत्यादि का सहारा लेने वाले या उसमें लिप्त पाए जाने वाले उम्मीदवारों पर रेलवे भर्ती बोर्ड उचित कानूनी कार्रवाई करेगा।

15. उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन स्थल पर अधिकारियों से दस्तावेज़ सत्यापन पूर्णता/ अपूर्णता प्रमाणपत्र अवश्य ही प्राप्त करना होगा।

16. अंतिम परिणाम रिक्तियों की संख्या, लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा में उम्मीदवारों के प्रदर्शन, दस्तावेज़ और उम्मीदवारी सत्यापन, आरक्षण नियम और आवेदन पत्र/ सूचना पत्र इत्यादि में दी गई जानकारी की शुद्धता पर आधारित होगा।

17. यदि आवश्यकता हुई, तो उम्मीदवारों को सत्यापन की तारीख से 1-2 दिन बाद तक रुकना अपेक्षित हो सकता है।

18. यह परिणाम रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर की आधिकारिक वेबसाइट *www.rrbbilaspur.gov.in* पर उपलब्ध है।

19. परिणाम तैयार करने और सूची संकलित करने में सभी बातों को ध्यान मे रखा गया है; तथापि रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर, किसी भी स्तर पर किसी भी अनजान त्रुटि/ टाइपिंग की त्रुटियाँ/ चूक यदि हो, तो उसे सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

20. संबंधित पद के लिए योग्यता और आवेदन पत्र में की गई अन्य प्रविष्टियों/ घोषणाओं को साबित करने का दायित्व उम्मीदवार का होगा।

21. रेलवे में नौकरियों दिलवाने या भर्ती में मदद करने का वादा करने वाले बेईमान लोगों द्वारा किए गए किसी भी झूठे वादे का विश्वास न करें।

हस्ताक्षरित/-
अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर

अनुलग्नक -'ए'

स्थान : रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ – 495004.

दिनांक : 14.12.2018

समय : 10:00 पूर्वाह्न

रोल नंबर	रोल नंबर	रोल नंबर
30314010000172	30314010000584	30314010001372
30314010000204	30314010000617	30314010001602
30314010000263	30314010000727	30314010001607
30314010000300	30314010000794	30314010001726
30314010000313	30314010000844	30314010001760
30314010000360	30314010001186	30314010001841
30314010000459	30314010001187	30314010001850
30314010000460	30314010001194	30314010001960
30314010000497	30314010001216	30314010002135
30314010000555	30314010001283	xxxxxxxxxx

(कुल उनतीस केवल)

अनुलग्नक -'बी'

कट ऑफ अंक (500 में)

अना.	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	भू.सै.	ओएच
346.56	326.97	315.57	324.67	-	-

रिक्ति स्थिति

रेलवे	समुदाय				कुल	भू.सै.	ओएच
	अना.	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.			
दपूम रेलवे	13	3	2	8	26	2	1

हस्ताक्षरित/-
अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर